पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 257 हल्द्वानी बुधवार ,22 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठः 8

# श्रद्धालुओं के लिए खुले बाबा केदार के कपाट

## सीएम धामी ने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

**केदारनाथ/रुद्रप्रयाग।** हिमालय की गोद में स्थित केदारनाथ धाम आज सुबह उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब ठीक सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में बाबा केदार के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालु इस दिव्य पल के साक्षी बने और इसी के साथ विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हो गया।

कपाटोद्घाटन के अवसर पर मंदिर को करीब 51 कुंतल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। जैसे ही कपाट खुले, हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे



पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर होकर बाबा केदार के दर्शन में लीन दिखाई दिए।

इस खास मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ धाम पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ सहित चारों धाम उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान हैं और सरकार तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यात्रा मार्गों, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि व्यवस्थाओं की वह स्वयं लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

कपाट खुलने के साथ ही पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से संपन्न हुई। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की—स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण, सेवा व सहयोग की भावना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और यात्रा नियमों का पालन करना।

कपाटोद्घाटन से एक दिन पूर्व बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह डोली ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना होकर 17 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय करते हुए केदारपुरी पहुंची। जंगलचट्टी, रामबाड़ा, लिनचोली और बेस कैंप होते हुए धाम पहुंची डोली का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। डोली ने मंदिर की परिक्रमा कर भंडार गृह में प्रवेश किया, जहां विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कपाटोद्घाटन के दौरान 8वीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और डमरू की गूंज ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस और आईटीबीपी के जवान हर मोर्चे पर तैनात रहे।

## देहरादून पुलिस महकमे में कई निरीक्षक और उप निरीक्षकों के तबादले

**देहरादून।** पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने कई निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के ट्रांसफर किए हैं। बीती देर शाम इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में विभिन्न थानों और शाखाओं में तैनात निरीक्षकों/उप निरीक्षकों को इधर से उधर भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों को बदला गया है, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और नई ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा सके। एसएसपी देहरादून की ओर से आदेश देर शाम किया गया है। जिसमें संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग के इस निर्णय को आम जनता की सुरक्षा और बेहतर पुलिसिंग की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

देहरादून पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने कई निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के ट्रांसफर किए हैं। बीती देर शाम इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में विभिन्न थानों और शाखाओं में तैनात निरीक्षकों/उप निरीक्षकों को इधर से उधर भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों को बदला गया है, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और नई ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा सके।

## 25 अप्रैल से शुरू होगी भवन गणना

**देहरादून।** जनगणना के पहले चरण के तहत प्रदेश में चल रही स्व-गणना प्रक्रिया 24 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। इसके बाद 25 अप्रैल से प्रगणक घर-घर जाकर भवन गणना का कार्य शुरू करेंगे। जनगणना निदेशालय ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और प्रगणकों को हर भवन तक पहुंचकर सूचीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस प्रक्रिया में हॉस्टल, पीजी और किराये के मकानों की गणना विशेष तरीके से की जाएगी। ऐसे भवनों का रिकॉर्ड मकान मालिक या बिल्डिंग मैनेजर के नाम से दर्ज किया जाएगा। वहीं, वहां रहने वाले किरायेदारों की केवल संख्या दर्ज की जाएगी, उनसे अलग से विस्तृत जानकारी नहीं ली जाएगी। प्रगणक प्रत्येक भवन में रहने वाले लोगों से कुल 33 प्रश्न पूछेंगे। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी मकान में एक मकान मालिक और चार किरायेदार रहते हैं, तो गणना मकान मालिक के नाम पर होगी और किरायेदारों की संख्या उसी में जोड़ दी जाएगी। अगर किसी कारणवश कोई भवन बंद मिलता है, तो प्रगणक आसपास के पड़ोसियों से जानकारी एकत्र करेंगे, ताकि गणना प्रक्रिया पूरी तरह सटीक और व्यापक हो सके।

# पीजी कॉलेज में 'उत्कर्ष' का भव्य आयोजन

## मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** राजकीय पीजी महाविद्यालय, सितारगंज में वार्षिकोत्सव एवं छात्रसंघ समारोह 'उत्कर्ष' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देने और स्पष्ट लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी।

यहां आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री सौरभ बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह और प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मंत्री बहुगुणा ने कहा कि पहले क्षेत्र



के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब महाविद्यालय में ही परास्नातक कक्षाएं और अधिकांश विषयों की पढ़ाई उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उनके पिता विजय बहुगुणा के मुख्यमंत्री कार्यकाल में इस कॉलेज की नींव रखी गई थी, जिसे अब और सशक्त किया जा रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पहले कई छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती थीं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं और स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने की सलाह दी।

इस अवसर पर मंत्री ने विधायक निधि से बने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें कुमाऊँनी लोकगीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। साथ ही, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजविंदर कौर की पुस्तक हिंदी पत्रकारिता का बहुआयामी अध्ययन का विमोचन भी किया गया।

समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंत्री भरत सिंह चौधरी का चम्पावत में दो दिवसीय भ्रमण

**चंपावत।** उत्तराखंड सरकार के ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म,



मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी का जनपद चम्पावत में दो दिवसीय आधिकारिक भ्रमण प्रस्तावित है। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों में सहभागिता के साथ-साथ जनपद की विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री आज को सायं 8.00 बजे एनएचपीसी गेस्ट हाउस, बनबसा पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम निर्धारित है। 23 अप्रैल को प्रात: 9.00 बजे वे बनबसा से चम्पावत के लिए प्रस्थान करेंगे तथा पूर्वाह्न 11.00 बजे जिला भाजपा कार्यालय, चम्पावत पहुंचेंगे। यहां वे दोपहर 1.00 बजे तक जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंट-वार्ता कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे। अपराह्न 2.00 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। बैठक के दौरान जनपद में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं एवं प्राथमिकताओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक सम्पन्न होने के पश्चात माननीय मंत्री अपराह्न 4.00 बजे विकास भवन, चम्पावत से बनबसा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हरिद्वार में एक ही परिवार ने अपनाया सनातन धर्म

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश के एक मुस्लिम परिवार ने धर्मनगरी हरिद्वार में स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाकर नई पहचान ग्रहण की। परिवार के मुखिया मोहम्मद शहजाद अब 'शंकर' के नाम से जाने जाएंगे, जबकि उनकी पत्नी रजिया ने 'सावित्री' नाम धारण किया। परिवार के कुल पांच सदस्यों ने गंगा स्नान कर वैदिक रीति-रिवाजों के साथ जनेऊ धारण किया। यह धार्मिक अनुष्ठान हरिद्वार के चंडीघाट स्थित ब्रह्मकुंड क्षेत्र में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पहले गंगाजल से स्नान कराया गया, उसके बाद यज्ञ और शुद्धि प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात यज्ञोपवीत संस्कार और नामकरण संस्कार आयोजित हुआ। नामकरण के दौरान परिवार के अन्य सदस्यों के भी नए नाम रखे गए। ज्येष्ठ पुत्री का नाम 'रुक्मणी', कनिष्ठ पुत्री का नाम 'दीक्षा' और पुत्र का नाम 'रुद्र' रखा गया। इस अवसर पर परिवार ने सनातन धर्म के जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। संत समाज द्वारा उनका स्वागत भी किया गया।

## सम्पादकीय

### पहाड़ों की सड़कों पर कब आएगा विकास का पहिया

उत्तराखंड के विकास की कहानी अक्सर चौड़ी सड़कों, एक्सप्रेस–वे और भव्य परियोजनाओं के इर्द–गिर्द घूमती है। लेकिन जब इस चमक–दमक के पीछे छिपे पहाड़ों के सुदूर गांवों की ओर नजर डाली जाती है, तो हकीकत बेहद चिंताजनक दिखाई देती है। पिथौरागढ़ जनपद की बेरीनाग तहसील अंतर्गत कोटमन्या–डोणों –लछीमा मोटर मार्ग की स्थिति इस विडंबना का सटीक उदाहरण है। वर्ष 2012 से यह सड़क पक्की होने की प्रतीक्षा में है, लेकिन आज तक हालात जस के तस बने हुए हैं। बरसात में कीचड़ और गर्मियों में धूल यही इस मार्ग की पहचान बन चुकी है। यह केवल एक सड़क की बदहाली नहीं, बल्कि उन हजारों ग्रामीणों की पीड़ा है, जिनके लिए यह मार्ग जीवन की अनिवार्य जरूरत है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाना हो या बच्चों को स्कूल भेजना हर दिन इस रास्ते पर गुजरना एक जोखिम भरा संघर्ष बन गया है। सबसे गंभीर पक्ष यह है कि स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को प्रशासन के हर स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया। विभागीय अधिकारियों से लेकर उच्च स्तर तक गुहार लगाई गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के प्रति गहरी उपेक्षा को दर्शाती है। दूसरी ओर, राज्य में हजारों करोड़ रुपये खर्च कर बड़ी–बड़ी सड़क परियोजनाएं बनाई जा रही हैं,देहरादून–दिल्ली एक्सप्रेस–वे जैसी परियोजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनका लाभ सीमित क्षेत्रों और वर्गों तक ही सिमट कर रह जाता है। प्रश्न यह उठता है कि क्या विकास का अर्थ केवल शहरों और मुख्य मार्गों तक सीमित रह गया हैड़ यदि एक–दो करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण सड़कों को सुधारा जा सकता है, तो फिर इन प्राथमिक आवश्यकताओं को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा हैड़ विडंबना यह भी है कि एक ओर सरकार पलायन रोकने के लिए योजनाएं और आयोग बनाती है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में गांवों से लगातार पलायन जारी है। जब सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तो लोग अपने गांवों में कैसे टिक पाएंगेड़ यह सच है कि चारधाम यात्रा मार्ग और प्रमुख शहरों की सड़कों का विकास आवश्यक है, लेकिन इसके साथ–साथ दूरस्थ क्षेत्रों की जरूरतों को भी समान प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अन्यथा, विकास का यह मॉडल असंतुलित ही बना रहेगा, जिसमें पहाड़ों के वास्तविक निवासी हाशिए पर ही रह जाएंगे। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करे। बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ–साथ छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों जैसे ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण पर तत्काल ध्यान दिया जाए। क्योंकि जब तक गांवों की सड़कें नहीं सुधरेंगी, तब तक पहाड़ों का वास्तविक विकास अधूरा ही रहेगा। उत्तराखंड का भविष्य केवल शहरों में नहीं, बल्कि उसके गांवों में बसता है। यदि इन गांवों तक पहुंचने वाली सड़कें ही बदहाल रहेंगी, तो विकास के सारे दावे खोखले साबित होंगे। अब समय आ गया है कि पहाड़ों की सड़कों पर भी विकास का पहिया तेजी से घूमे ताकि वहां रहने वाले लोगों को भी सम्मानजनक और सुविधाजनक जीवन मिल सके।

# तीन पानी डैम के पुनर्निर्माण के लिए महापौर ने किया सर्वे



### 1.74 करोड़ की लागत से जल्द शुरु होगा निर्माण, बरसात से पहले काम पूरा करने का होगा प्रयास

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** वार्ड नंबर एक की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर एक स्थित 'तीन पानी डैम' के पुनर्निर्माण हेतु सिंचाई विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण और विस्तृत सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

गौरतलब है कि तीन पानी डैम बीते कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसकी जल निकासी क्षमता पूरी लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिसका खामियाजा क्षेत्र की एक विशाल आबादी को भुगतना पड़ता था। मानसून के दौरान ड्रेनेज सिस्टम ठप होने से फुलसुंगा, फुलसुंगी और आसपास की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न हो जाती थीं। सड़कें तालाब का रूप ले लेती थीं और लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाता था। इस समस्या को महापौर विकास शर्मा ने बेहद गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पैरवी की। मुख्यमंत्री के विशेष हस्तक्षेप के बाद शासन ने डैम के कायाकल्प के लिए 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की, जो अब सिंचाई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है।सर्वे के दौरान महापौर ने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ डैम के तकनीकी पहलुओं, मजबूती और भविष्य की जरूरतों पर गहन मंथन किया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य न केवल गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, बल्कि इसे जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाए ताकि आगामी कई दशकों तक क्षेत्रवासियों को ड्रेनेज की समस्या न देखनी पड़े। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि टेंडरिंग और शुरुआती प्रक्रियाओं को तत्काल पूरा कर इसी सप्ताह से पुल का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाए। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रपुर के विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से शहर की जटिल समस्याओं के लिए करोड़ों का बजट मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तीन पानी डैम का पुनर्निर्माण मेरा जनता से किया गया एक प्रमुख वायदा था, जो अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना के तहत केवल डैम और पुल का निर्माण ही नहीं होगा, बल्कि संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण भी किया जाएगा। इससे क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म होगी और आवागमन सुगम होगा। साथ ही, डैम से जुड़ी पुरानी सिंचाई नहरों को पुनर्जीवित करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है ताकि किसानों को भी इसका लाभ मिल सके।

महापौर ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि रुद्रपुर को एक आधुनिक और आदर्श शहर बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मानसून की पहली दस्तक से पहले मुख्य ढांचागत कार्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि इस बार जनता को जलभराव के नारकीय कष्ट से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स भी शुरू होने वाले हैं, जिससे रुद्रपुर का कायाकल्प निश्चित है।सर्वे और निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ बी.एस. डांगी, जेई हरपाल, पंचदेवी, पार्षद पवन राणा, शुभम ठाकुर, दलीप अधिकारी, अनुज पाठक, ब्रजेश गुप्ता, अनुराग बोस सहित नगर निगम और सिंचाई विभाग के कई कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मातृशक्ति को निराश किया :अजय



**पिथौरागढ़।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री सांसद अजय टम्टा ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी ने माताओं, बहिनों का वोट लेकर देश में दशकों तक शासन किया, ऐसी कांग्रेस पार्टी ने लाखों माताओं, बहिनों को निराश किया, जो आधी आबादी है, उसको निराश किया। देश की मातृशक्ति कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल तृणमूल कांग्रेस, डीएमसी, समाजवादी पार्टी, वाम दल आदि महिलाओं को उनका अधिकार देने के और उनके सशक्तीकरण के खिलाफ है। मोदी सरकार देश की आधी आबादी मातृशक्ति को उसका हक देना चाहती है और भविष्य में देकर रहेगी।

देश की माताएं और बहिनें अपने वोट की ताकत से इन महिला विरोधी और अहंकारी दलों को जरूर सबक सिखाएंगी। अजय टम्टा ने आगे बताया कि घाट अल्मोड़ा हल्द्वानी सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। कैंची धाम के लिए सेनीटोरियम रातीघाट होकर बाईपास सड़क बनाई जाएगी। जिससे हल्द्वानी से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर जाने के लिए कैंची धाम होकर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। क्वारब में जहां पहाड़ से मलबा आ रहा है वहां दो वैली ब्रिज बनाए जा रहे हैं। स्वाला में पहाड़ी के ट्रीटमेन्ट का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। टनकपुर जौलजीबी रोड का निर्माण जल्द पूरा किया जाएगा। घाट से पंचेश्वर तक सड़क बनाई जाएगी। जिससे टनकपुर जौलजीबी सड़क का लाभ पिथौरागढ़ नगर की जनता को भी मिल सके। कैलाश मानसरोवर यात्रा और आदि कैलाश ओम पर्वत दर्शन यात्रा शीघ्र प्रारम्भ होने जा रही है। जिससे भारत चीन के बीच लिपूलेख गुंजी होते हुए व्यापार जल्द शुरू किया जाएगा।

इसके लिए विदेश मंत्रालय ने हरी झंडी दिखा दी है। नैनी सैनी हवाई पट्टी से देहरादून और दिल्ली को फ्लाइट चल रही है। इससे पर्यटकों को सीमान्त जनपद तक आवागमन में काफी सहूलियत मिल गई हैड़। हवाई पट्टी का विस्तार भी किया जा रहा है जिससे बड़ा प्लेन भी यहां उतर सके। हवाई पट्टी का नियंत्रण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंपा जा चुका है जिससे यहां हवाई परिवहन सुविधाओं का और अधिक विकास हो सके। प्रेस वार्ता में नगर निगम पिथौरागढ़ की मेयर कल्पना देवलाल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी मेहता, वरिष्ठ भाजपाई राकेश देवलाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जगत सिंह खाती, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, इंदर सिंह लुंठी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष आशीष सिंह आदि उपस्थित थे।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

**E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com**

# बाढ़ व जलभराव से निपटने की तैयारियां करें पूरी : डीएम



जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रूद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में बैठक लेते हुए कहा कि मानसून काल में जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारिया अभी से कर ली जाये। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर ले तथा ऐसे क्षेत्र जहां पर पिछले वर्षो मे जलभराव एवं बाढ का अधिक प्रभाव रहा है वहाँ पर सुरक्षात्मक कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाये।

उन्होने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियो से समन्वय बनाकर कार्ययोजना बनाते हुए नदी-नाले, नहर व शहरी क्षेत्र में नालो-नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करे। उन्होने सभी नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रथम चरण में सभी नाली व नालो को 30 अप्रैल तक सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालो की दुबारा सफाई कराना भी सुनिश्चत करेगें।

उन्होंने सड़क महकमों को निर्देश दिये कि स्कवर, पुलिया के नीचे का मलवे की सफाई करना सुनिश्चत करेगें। इसी तरह सिंचाई विभाग को नदी, जलाशयो में जहां अधिक सिल्ट जमा हो गयी है, शीघ्र सर्वे कर ड्रेजिंग हेतु प्रस्ताव बनाकर 25 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी निकाय अधिकारियों को अपने-अपने निकायो के नदी, नालो व नालियो का जीआईएस मैप बनाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने सिंचाई विभाग को पूरे जनपद के नदी, नालो, जलाशयो का जीआईएस बेस मैप तैयार करते हुए सम्भावित जल भराव व बाढ़ क्षेत्रों के समाधान हेतु लघु व दीर्घकालिन कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये।

वर्षाकाल में शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव हो जाता है, इसलिए सभी कार्यदायी संस्थाए रिवर चैनेलाइजेशन व नालों, नालियों की सफाई कार्यो को 15 जून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने बाजपुर के लेवड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुलों को जून तक करने के निर्देश लोनिवि को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी/ओसी आपदा प्रबंधन गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर निकाय वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

# जनसेवा ही संकल्प से जरूरतमंदों को मिल रहा सहाराः मित्तल

## रुद्रपुर में निरंतर चल रहे जनसेवा अभियान से प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ



जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** जनसेवा की सच्ची भावना को साकार करते हुए शहर में एक प्रेरणादायक और अनुकरणीय पहल पिछले कई माह से निरंतर जारी है। भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के कुशल नेतृत्व में संचालित यह जनसेवा अभियान रुद्रपुर में सहयोग, संवेदना और मानवता की मिसाल बनता जा रहा है। यह अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर विस्तार पा रहा है और दिन-प्रतिदिन अधिक लोगों को अपने साथ जोड़ रहा है।इसी क्रम में रुद्रपुर में समाजसेवी विपिन गुप्ता ने अपने जन्मदिन को सादगी, जनसेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाते हुए इस जनसेवा अभियान में सहभागिता की। उन्होंने अपने जन्मदिन को उत्सव के रूप में न मनाकर जरूरतमंदों की जनसेवा को प्राथमिकता दी, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है।

इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया।आज की जनसेवा का शुभारंभ समाजसेवी विपिन गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं अनुज पाठक द्वारा विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री हनुमान जी एवं भगवान शिव-पार्वती जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इस जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंदों, श्रमिकों, राहगीरों एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भंडारे का आयोजन कर निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयों का वितरण कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में राहत पहुंचाई जा रही है। यह जनसेवा कार्य न केवल जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रहा है, बल्कि समाज में सहयोग, करुणा और मानवता की भावना को भी सशक्त कर रहा है।इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने कहा कि जनसेवा ही हमारा परम धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। यह अभियान तभी सफल होगा जब अधिक से अधिक लोग इसमें जुड़कर जनसेवा के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाएंगे।उन्होंने कहा कि वह जनसेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और गरीबों के दुख-दर्द में हमेशा उनके साथ खड़े रहना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वह राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हैं और इसी भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

उनका मानना है कि सच्ची राजनीति वही है, जो समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित हो। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने कहा कि यह जनसेवा अभियान भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में निरंतर जारी है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है।समाजसेवी विपिन गुप्ता ने जनसेवा अभियान की सराहना करते हुए कहा भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में चल रहा यह जनसेवा कार्य वास्तव में अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। जरूरतमंदों की मदद करने से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मुझे अपने जन्मदिन के अवसर पर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का अवसर मिला। जनसेवा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्री ओम अग्रवाल, संस्कार भारती के उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, निखिल चंडोक, अग्रवाल युवा संगठन के महामंत्री अनुज अग्रवाल, अंकित शर्मा, अधिवक्ता एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट मनीष मित्तल, शिवांश अग्रवाल, जाट महासभा के मीडिया प्रभारी चौधरी सुधीर डागर, अमित मित्तल आदि मौजूद थे।

## स्कूली समय में सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर रेडक्रॉस ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर रेडक्रॉस के प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल योगेश उपाध्याय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विद्यालयों के आसपास स्कूली समय में पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सुबह स्कूल खुलने और छुट्टी के समय विद्यालयों के बाहर अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण बच्चों की सुरक्षा प्रभावित होती है। कई स्थानों पर तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख विद्यालयों के बाहर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने, यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर जोर दिया गया। कोतवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में रेडक्रॉस प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, यूथ रेडक्रॉस चेयरमैन अमित साह मोनू, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अजय वर्मा और कृष्ण बहादुर सिंह, प्रधान विनोद जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बहन की शादी के नाम पर ठगी करने वाला दबोचा

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** बहन की शादी कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार, रसोईयापुर निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में खटीमा के नौगवां नाथ निवासी अमरजीत सिंह राणा ने उससे बहन की शादी का हवाला देकर 2.50 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि वह कृषि कार्य या मजदूरी कर पैसे लौटा देगा, जिसके लिए एक इकरारनामा भी तैयार किया गया था। आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी न तो वापस आया और न ही कोई भुगतान किया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य लोगों से भी ठगी की है। बताया गया कि आरोपी ने रसोईयापुर के हरजीत सिंह से दो लाख रुपये, मलपुरी निवासी जस्सा सिंह से करीब 45 हजार रुपये और खटीमा निवासी दीपक रैना से तीन लाख रुपये ठगे हैं।सोमवार रात सूचना मिलने पर कि आरोपी अमरिया चौराहे पर देखा गया है, पीड़ित मौके पर पहुंचा और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रेंजर साइकिल लेकर निकला किशोर लापता, 4 दिन से नहीं मिला कोई सुराग

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** चिन्तीमझरा वार्ड से 15 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर 17 अप्रैल को घर से साइकिल लेकर निकला था, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटा है। परिजन पिछले चार दिनों से उसकी तलाश में जुटे हैं, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मो. रजा (15) पुत्र भूरा, मूल निवासी इस्लामनगर (खटीमा), पिछले एक वर्ष से सितारगंज में अपने मामा फैजुल हसन के पास रह रहा था। परिजनों ने बताया कि रजा की मां शाजिया ने उसकी बेहतर देखभाल के लिए उसे मामा के पास भेजा था। बताया जा रहा है कि 17 अप्रैल की दोपहर वह अपनी रेंजर साइकिल लेकर घर से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। आखिरकार परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अन्य माध्यमों से भी किशोर की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को उक्त किशोर के बारे में कोई जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी थाने को सूचित करें।

## कोटाबाग के एस्टोरिया रिजॉर्ट में पर्यटकों के बीच मारपीट, मुकदमा

**कालाढूंगी।** क्षेत्र के कोटाबाग स्थित एस्टोरिया रिजॉर्ट (बजुनियाहल्दू) में पर्यटकों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालाढूंगी कोतवाली के उपनिरीक्षक पंकज जोशी के अनुसार, 8 अप्रैल 2026 की रात रिजॉर्ट में घूमने आए कुछ पर्यटकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान वैभव कुमार पर जानलेवा हमला किया गया। घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी सृष्टि ठाकुर, निवासी यमुना विहार, दिल्ली ने 20 अप्रैल को थाना कालाढूंगी में लिखित तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मुकुल जैन (निवासी गंगोत्री विहार, वेस्ट घोंडा, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली), हजारी लाल और राहुल गौतम (दोनों निवासी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश) ने मिलकर उनके पति पर हमला किया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 110 सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। गौरतलब है कि कोटाबाग-बेलपड़ाव क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। यदि समय रहते इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो भविष्य में गंभीर घटनाएं होने की आशंका जताई जा रही है।

## पर्यटन सीजन में सघन चेकिंग अभियान जारी, 86 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** पर्यटन सीजन के मद्देनजर जनपद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतते हुए अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों और जनपद के प्रवेश मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, वहीं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 86 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए, जबकि एक वाहन को सीज किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने अधिकारियों से किया जवाब तलब

**गरुड़, दिनेश नेगी।** तहसील परिसर मे उपजिलाधिकारी बैभव कांडपाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। जहां उपजिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र से जनसमस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओ के समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासन से तहसीलदार निशा रानी और नायब तहसीलदार भोपाल गिरी की मौजूदगी में जन समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और संबंधित विभागों से उनकी आख्या मांगी गई। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों समयबद्ध होकर समस्याओं का निराकरण करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुछ विभागों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए पेयजल निगम, कृषि विभाग और अग्नि विभाग से स्पष्टीकरण मांगा गया।इस दौरान शिकायतकर्ता एडवोकेट गिरीश कोरंगा ने स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्टों की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाया, जिस पर चिकित्सा अधिकारी सपना राजपूत ने जानकारी ददेते हुए बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया शासन स्तर से संचालित हो रही है और इसमें आवश्यक कार्रवाई जारी है।इसके साथ ही बैठक में 10 से 25 अप्रैल तक चलने वाली स्वगणना प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# समुदाय विशेष व्यक्ति नें दो महिलाओं के साथ किया दुष्कर्म

**टनकपुर( विनोद पाल )।** रेलवे पटरी के पास जूते-चप्पल की दुकान चलाने वाले 50 वर्षीय मज्जिद कॉलोनी निवासी शहंशाह पर दो महिलाओं नें जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया है। घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आरोपित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली में दी तहरीर में महिलाओं ने आरोप लगाया कि वह टनकपुर रेलवे फाटक के समीप दुकानदार शहंशाह निवासी मस्जिद कॉलोनी के यहाँ जूते- चप्पल की दुकान में काम करती हैं। दुकानदार ने अपनी दुकान में काम करने के दौरान उनसे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही उसका वीडियो बनाकर उसे उनके घर वालों को भेजने की बात कहकर गृहस्थी खराब करने की धमकी दी। आरोप लगाया कि दुकानदार ने उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें डरा धमका कर दुकान में जबरन संबंध बनाए। बताया जा रहा है कि 50 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति शहंशाह सोशल मीडिया पर महिलाओं ओर लड़कियों के साथ रिल्स बनाकर समाज का माहौल खराब करने के साथ विवादों में रहता था। साथ ही हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का काम किया करता था जिसका कई बार स्थानीय लोगों ने विरोध कर चेतावनी भी दी थी। बताया जा रहा है की आरोपी व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी एक दिमागी रूप से कमजोर महिला के साथ गलत हरकतें की गई थी जिसमें मामला रफा-दफा कर दिया गया था। मां पूर्णागिरि की चरण स्थली और मां शारदा की गोद में बसा टनकपुर नगर में विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा अपनी ही दुकान में काम करने वाली




महिलाओं के साथ जबरन नाजायज संबंध बनाने के साथ उनकी वीडियो बनाकर धमकाने के इस मामले नें महिलाओं की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। स्थानीय लोगों में आक्रोश के साथ महिलाओं की मजबूरी का फायदा उठाने वाले आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। कोतवाल चेतन सिंह रावत ने बताया कि महिलाओं ने सोमवार की शाम पुलिस में दुकानदार के विरूद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर आरोपित दुकानदार शहंशाह (50) निवासी मस्जिद कालोनी, टनकपुर के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और 351(3) के तहत मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 14 दिन की रिमांड पर लिया गया है। मामले की जांच महिला उपनिरीक्षक गुरविंदर को सौंपी गई है।

# सीडीओ ने दिया चारयधाम यात्रा व्यवस्थाओं को सुगम बनाने पर जोर

**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** श्री यमुनोत्री धाम यात्रा के सफल संचालन हेतु मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी जल संस्थान, पशुपालन, स्वास्थ्य, पुलिस,लोनिवि, एन.एच., पर्यटन, सुलभ शौचालय, जिला पंचायत आदि की बैठक लेते हुये यात्रा व्यवस्थाओं को सुगम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यमुनोत्री पैदल मार्ग में पी.ए. (साउण्ड सिस्टम) स्थापित करने के निर्देश दिये जिसमें यात्रा से जुड़ी विभिन्न आवश्यक जानकारियों के साथ तीर्थ यात्रियों को आध्यात्मिक रूप से यात्रा का आंनद प्राप्त हो। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक सेवाओं के लिये एसडीआरएफ की तैनाती पैदल यात्रा मार्ग में नियमित रूप से सुनिश्चित करने निर्देश दिये। उन्होंने वर्चुअली अधिशासी अभियंता जल संस्थान बड़कोट को शौचालय में पानी की उपलब्धता निरन्तर बनाये रखने के निर्देश दिये। वहीं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अधिकारी को घोड़े - खच्चरों के लिए चरी में पानी की सप्लाई व साफ - सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क महकमें के एन.एच. व लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि विभिन्न यात्रा सड़क मार्गों में पानी का छिड़काव किया जाए। ताकि सड़क में अनावश्यक रूप से धूल का गुब्बार न उठे। उन्होंने बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं को सुगम बनाने को लेकर सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्यों का निर्वहन करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 बी. एस. रावत, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरि सिंह बिष्ट, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एस. एल. आर्य, सहित उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट शातनु पराशर, चंचल शर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कमल किशोर जोशी वर्चुअली जुड़े रहे।

## श्री यमुनोत्री-गंगोत्री धाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य स्क्रीनिंग तेज, उच्च-जोखिम वाले यात्रियों पर प्रशासन की कड़ी नजर

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के अंतर्गत यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग का कार्य सुचारू रूप से जारी है। मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार दोनों स्क्रीनिंग पॉइंट्स पर कुल 3292 तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 50 वर्ष से कम आयु के 2012 और 50 वर्ष से अधिक आयु के 1280 श्रद्धालु शामिल हैं। स्क्रीनिंग के दौरान को-मॉर्बिडिटी (हाइपरटेंशन, डायबिटीज, हृदय रोग, अस्थमा आदि) के 160 मामले सामने आए हैं, जिनकी तत्काल पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज 22 उच्च-जोखिम वाले तीर्थयात्रियों की विशेष काउंसलिंग की है ताकि यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यात्रा की शुरुआत से अब तक कुल 7525 तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिसमें 250 मामलों में को-मॉर्बिडिटी पाई गई है और कुल 46 उच्च-जोखिम वाले यात्रियों को परामर्श दिया जा चुका है। प्रशासन तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह सतर्क है और यात्रा के दौरान किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

# समळौण पहल: पौड़ी गढ़वाल में हर संस्कार बना हरियाली का संदेश

**पौड़ी गढ़वाल,( अंकित उनियाल ) ।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के विभिन्न विकास खंडों में समळौण पहल के तहत जीवन के हर खास अवसर को पौधारोपण के साथ यादगार बनाया जा रहा है। कहीं मां की पुण्यतिथि पर, कहीं शादी के बाद, तो कहीं चूड़ाकर्म संस्कार जैसे पारिवारिक अवसरों पर ग्रामीणों ने फलदार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकास खंड खिर्शू के श्रीनगर श्रीकोट में चण्डी प्रसाद पोखरियाल के परिवार द्वारा मंजू देवी की पुण्यतिथि पर आंगन में अमरूद का पौधा रोपकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान परिवार ने पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया और इसे मां की स्मृति से जोड़ा। वहीं विकास खंड थलीसैंण के ग्राम पैलार में अजय गोसाई और ईशू ने शादी के बाद नारंगी का पौधा लगाकर अपने नए जीवन की शुरुआत को यादगार बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि समळौण पहल से गांव में पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक मजबूती भी आ रही है।इसी कड़ी में विकास खंड पौड़ी के ग्राम रछूली में दीपक और रचना ने शादी के बाद अनार का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जल स्रोतों के संरक्षण और गांव में हरियाली बनाए रखने की भी कामना की गई। उधर ग्राम कान्डा में रियाश के चूड़ाकर्म संस्कार के अवसर पर मौसमी का पौधा रोपकर इस परंपरा को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जंगलों में बढ़ती आग और घटती हरियाली के बीच समळौण जैसी पहल पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है।ग्रामीणों और समलौण आंदोलन से जुड़े लोगों ने अपील की कि हर व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधारोपण कर प्रकृति से जुड़ाव बनाए और वनों को आग से बचाने में सहयोग करे।समळौण पहल अब न सिर्फ परंपरा बन रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम भी बनती जा रही है।



# अर्थ डे पर युवाओं ने अलकेश्वर महादेव घाट में चलाया स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**पौड़ी गढ़वाल।** अर्थ डे के अवसर पर साइंस एवं आर्ट्स क्लब के सदस्यों द्वारा प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक अलकेश्वर महादेव घाट, अलकनंदा नदी क्षेत्र में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अभियान में गणेश, सौम्या, शिवांक, अनादि, स्वाति, पलक, शोभा, युवराज, हार्दिक, अंकुर एवं प्रांजल सहित कुल 11 सदस्य शामिल रहे। सभी सदस्यों ने घाट क्षेत्र में सफाई करते हुए आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर हटाया और पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही टीम ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, नदी में कचरा न डालने और Reduce, Reuse, Recycle जैसे सिद्धांतों को अपनाने के लिए जागरूक किया। घाट की दीवारों पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायक नारे लिखकर लोगों को संदेश भी दिया गया। यह अभियान न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में भी सफल रहा।

# ग्राम पंचायत बन्तोली में खुली बैठक का किया गया आयोजन

## बीडीओ के निर्देश पर जल संस्थान ने किया टैंकरों से पानी का वितरण

**कोट।** जनता मिलन कार्यक्रम चम्पावत में आयी शिकायत के आधार पर डीएम चंपावत मनीष कुमार के द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में विकास खण्ड बाराकोट की ग्राम पंचायत बन्तोली में खुली बैठक का आयोजन किया गया ,खुली बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नारायण सिह फर्त्याल द्वारा की गयी , उक्त बैठक में मूल रूप से पानी की समस्या के समाधान हेतु अवनीश कुमार खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जल संस्थान के अधिकारियो को ग्राम पंचायत बन्तोली में टैकर के माध्यम से पानी वितरित एवं मुख्य ग्राम में पूर्व क्षतिग्रस्त पेयजल लाईन को बदलने हेतु निर्देशित किया गया उक्त खुली बैठक का सचालन अशोक बिष्ट ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा किया गया बैठक में खण्ड विकास अधिकारी बाराकोट द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, जल संस्थान के कार्मिको को निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न की जाये खण्ड विकास अधिकारी के निर्देशो के क्रम ग्राम पंचायत बन्तोली में पानी के टैकरो के माध्यम से पानी वितरित किया गया एव ग्रामीणो द्वारा उठायी गयी अपनी अधिकाशं समस्याओ का मौके पर ही निस्तारण किया गया बैठक में सहायक विकास अधिकारी भुवन पाण्डे,,श्रीमती दीप राय एन0आर0एल0एम0, मनीषा काण्डपाल, रीप परियोजना एवं समस्त विभागो के रेखीय अधिकारी/समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।



# उप जिला चिकित्सालय में उपलब्ध हुए रेबीज के इंजेक्शन जनता को राहत



**लोहाघाट।** सप्लाई बंद होने से बीते कुछ दिनों से लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में कुत्ते ,बंदर व बिल्ली के काटने में लगने वाले महत्वपूर्ण रेबीज के इंजेक्शन खत्म हो गए थे। जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। इंजेक्शन ना होने से कुत्ते ,बिल्ली के काटने से पीड़ित लोग चंपावत जिला चिकित्सालय की दौड़ लगा रहे थे या मेडिकल स्टोर से महंगे रेबीज के इंजेक्शन खरीद कर लगाने को मजबूर थे। मामले का सीएमओ चंपावत डॉक्टर देवेश चौहान ने संज्ञान लिया। लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया सीएमओ चंपावत के निर्देश पर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय को रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं जो कल से लगने शुरू हो जाएंगे। वही रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध होने से लोगों ने राहत की सांस ली और सीएमओ चंपावत डॉक्टर चौहान को धन्यवाद दिया। मामले को पर्वत प्रेरणा के द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था।

# फॉरेंसिक साइंस में करियर की अपार संभावनाएं विषय पर मंजीरा देवी विश्वविद्यालय में सेमिनार आयोजित




**उत्तरकाशी।** मंजीरा देवी विश्वविद्यालय में फॉरेंसिक साइंस और करियर के अवसरों में इसकी संभावनाए विषय पर आयोजित सेमिनार का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कुलाधिपति डॉ. हरिशंकर नौटियाल, गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं विश्वविद्यालय के एडवाइजर प्रोफेसर डॉ. जे. पी. पचौरी तथा शिक्षाविद डॉ. योगेश कुमार शर्मा एवं विश्वविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अधिवक्ता पवन नौटियाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भगवन नौटियाल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों को नवीन वैज्ञानिक क्षेत्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेमिनार के मुख्य वक्ता व विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति व फॉरेंसिक साइंस के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले वर्षों में फॉरेंसिक साइंस का दायरा और अधिक विस्तृत होगा तथा यह क्षेत्र युवाओं के लिए नए-नए अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं, पुलिस विभाग, न्यायालयों, केंद्रीय जांच एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों एवं निजी क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। साथ ही साइबर अपराधों में वृद्धि के कारण साइबर फॉरेंसिक विशेषज्ञों की आवश्यकता भी विशेष रूप से बढ़ी है। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार यादव ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस का मूल उद्देश्य वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से अपराधों की जांच को सटीक एवं निष्पक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट जांच, साइबर फॉरेंसिक, टॉक्सिकोलॉजी एवं डिजिटल फॉरेंसिक जैसे क्षेत्रों ने अपराध जांच को नई दिशा प्रदान की है। इन तकनीकों के माध्यम से साक्ष्यों का सूक्ष्म परीक्षण कर न्याय प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्रार डॉ. कपिल मोहन व डॉ शंभु प्रसाद नौटियाल ने किया।

# एबट माउंट में ब्रिटिश कालीन चर्च के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू, बनेगा पर्यटन



**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए जिले की प्राचीन क्षतिग्रस्त संपत्तियों के सुधारीकरण के निर्देश देकर धनराशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिले के लोहाघाट क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल अबाउट माउंट में स्थित ब्रिटिश कालीन चर्च के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है। जिसके लिए लगभग एक करोड रुपए की धनराशि जारी की गई है। जिसके तहत ब्रिटिश कालीन चर्च को उसके पुराने स्वरूप में लाया जाएगा। हॉर्स चर्च जाने के लिए मार्ग का निर्माण भी पुरानी शैली में किया जा रहा है।

चर्च का जीर्णोद्धार होने के बाद यह चर्च पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। इस चर्च को एबट माउंट को बसाने वाले एबट के द्वारा सन 1942 में अपनी पत्नी की याद में बनाया गया था। अंग्रेजों के जाने के बाद देखभाल न होने से यह चर्च अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। पर अब इस ब्रिटिश कालीन चर्च के दिन सुधरेंगे और यह पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं लोगों ने कहा चर्च के जीर्णोद्धार का कार्य तो हो रहा है पर उसकी गति काफी धीमी है ।लोगों ने प्रशासन से कार्य में गुणवत्ता व गति लाने की मांग की है।

# जु - जित्सु में स्वर्ण पदक जीतने वाले क्षितिज को किया सम्मानित

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रूद्रपुर।** साउथ एशियन जु-जित्सू फैडरेशन के तत्वावधान में 9-12 अप्रैल तक श्रीलंका के डिंगाना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित दक्षिण एशियाई जू-जित्सु चैंपियनशिप- 2026 में भारतीय जु-जित्सू टीम में शामिल होकर जनपद के होनहार खिलाडी क्षितिज सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर भारत देश के लिए स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश व जनपद का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, उद्योगपति महेश ठाकुर, एशियाई खिलाड़ी कृष्ण साना सहित अनेकों युवा लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वर्ण पदक विजेता क्षितिज सिंह को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर व ट्रैक सूट देकर, तमाम लोगों ने भारत माता की जय के नारों के साथ उन्हें सम्मानित किया।

जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि यह हमारे जनपद व शहर के लिए गर्व की बात है, क्षेत्र के खिलाड़ी क्षितिज सिंह ने दक्षिण एशियाई जू-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। साथ ही उक्त प्रतियोगिता में अपने आयुवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय जु-जित्सू खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। ओर आगे अध्यक्ष भारत भूषण ने क्षितिज सिंह के कोच ऋषि पाल भारती की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनको बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2018 से कोच ऋषि पाल भारती ने जिले में जु-जित्सू खेल की एक अलख जगाई है, जिसका परिणाम है कि जनपद के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर मान बढ़ा रहे है। एवं उन्होंने क्षितिज को आगामी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखंड सरकार से हर संभव आर्थिक मदद दिलवाने का भी आश्वासन दिया।

जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मीडिया पब्लिसिटी कमिशन के चेयरमैन व क्षितिज सिंह के मुख्य कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि भारतीय जु-जित्सू टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हुए क्षितिज सिंह ने एडल्ट्स आयुवर्ग की भारवर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में अपने फाइनल मैच में श्रीलंका के खिलाड़ी को मात देते हुए स्वर्ण पदक जीता, एवं अपने दूसरे टीम इवेंट डूओ शो मिक्स्ड इवेंट्स में हल्द्वानी शहर की श्रीपर्णा जोशी के साथ शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीते। क्षितिज सिंह पिछले 10 वर्षों से जू-जित्सु खेल का गहन प्रशिक्षण ले रहे है। पिछले वर्ष उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण पदक, जॉर्डन में आयोजित नौवीं एशियाई जू-जित्सु प्रतियोगिता में भारत देश के लिए कांस्य पदक जीत चुके है।

इस अवसर पर नगर महामंत्री अमित गौड़, पूरन पाण्डेय, पूर्व जिला प्रचारक सोमनाथ जायसवाल, सागर साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रजत दीक्षित, मोनू ठाकुर, जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोरा, टीम कोच एम.आर. शाहिद, जवान सिंह, उपनिदेशक खेल श्रीमती रसिका सिद्दीकी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डी.के सिंह, जिला डीएसओ श्रीमती जानकी कार्की, चेतन धीर, हीराम तिग्गा, किशोर सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, कृष्ण साना, मुकेश यादव, सतविंदर सिंह, विजेंद्र चौधरी, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कमल सक्सेना, गुलशन कुमार, शेखर सक्सेना, मिनकू ठाकुर, सहित अनेको अभिभावकों सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

# किच्छा ब्लॉक अध्यक्ष सिंधी का स्वागत किया मीना ने

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** किच्छा ब्लॉक कांग्रेस के नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के सिविल लाइन स्थित आवास पर पहुंचे, और संगठन अध्यक्ष बनने के बाद उनसे आशीर्वाद लिया। यहाँ श्रीमती शर्मा नें किच्छा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी को बुके प्रदान कर और पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने किच्छा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एन यू खान का भी पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल शर्मा, सरजू सिंह बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# म्येरी जन्मभूमि

य मेरी प्यारी जन्मभूमि छ
य मेरी न्यारी देवभूमि छ
कदुक दुल धनभाग म्यर
यह हमरि जन्मभूमि छ
य मिकैं दुनी है प्यार
कदुक भलि मेरि जन्मभूमि छ
चारों तरब हर्याली फैलि छ
औषधि भनार मेरि जन्मभूमि छ
देवभूमि मेरि जन्मभूमि मेरि
धामोंक पराण यों गंगा जमुना
कदुक पावन मेरि देवभूमि छ
सबै तीर्थों कि मयड़ी य
संबंध है न्यारि मेरि जन्मभूमि छ
हरिद्वार केदारनाथ बदरीनाथ
समाई छन यसि देवभूमि छ
गंगोत्री जमुनोत्री पावन तीर्थ
बसी राई छन म्यर पराणों में
यसि य देवभूमि जन्मभूमि छ

**ममता गोस्वामी, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखंड**

# वसुंधरा का आह्वान




नीले अम्बर की चादर ओढ़े, हरियाली का श्रृंगार,
मौन खड़ी है धरती हमारी, करती हमसे पुकार।
क्या तुमने मेरे घावों को, अब तक नहीं जाना?
या अपने ही स्वार्थ में, है मुझको यूं ही भुला देना?
कभी जो नदियाँ गाती थीं, निर्मल जल की तान,
आज वही बहती हैं चुपचाप, सहती हर पल अपना अपमान।
पेड़ों की छाया घटती जाए, सूख रहा है प्यार,
कंक्रीटों के जंगल में अब, ढूंढे मिलता प्रकृति का संसार।
पर अभी भी वक्त है दोस्तों -जागो और समझो बात,
छोटे-छोटे कामों से ही, बदलेगी ये सूरत - ए हालात।
जब हाथों में जूट का थैला होगा, पॉलिथिन होगी दूर,
धरती फिर से मुस्काएगी, होगा जीवन भरपूर।
जितना हो सके करें
रीयूज़, रीसाइकिल और रिड्यूस
छोटा सा ये कदम तुम्हारा, देगा धरती को प्राण वायु ऑक्सीजन ठूस।
बच्चों को सिखलाओ देना, पुरानी किताब और उपहार,
किसी के चेहरे की मुस्कान में, छुपा है सच्चा प्यार।
बिजली, पानी, ईंधन बचाओ, यही सच्ची सेवा है,
प्रकृति के हर कण में बसी, जीवन की परिभाषा है।
जागरूकता की लौ जलाओ, हर दिल तक ये आवाज पहुँचाओ,
धरती बचाओ,पेड़ लगाओ एक नया संसार बसाओ।
पृथ्वी दिवस का अर्थ यही, हर दिन इसका मान बढ़ाओ।
हमसे पहले, हमसे बाद भी, रखेगी पृथ्वी अपना मान।
आओ मिलकर व्रत लें सभी, सजाने ,संवारने,आगे बढ़ाने का करते रहे काम।
अभी से, इसी क्षण से शुरू करें ये सार्थक प्रयास
धरती के हर कण में बस जाए, जीवन का प्रेम मधुर विश्वास।

**प्रेम प्रकाश उपाध्याय नेचुरल उत्तराखंड**
**( विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में लिखी गई है )**

# सभासद के नेतृत्व में बटी गैस डिलीवरी प्वाइंट में भारी भीड़



**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा बनाए गए डिलीवरी प्वाइंटो में गैस लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोहाघाट के बजरंगबली वार्ड में डिग्री कॉलेज सड़क में बनाए गए डिलीवरी प्वाइंट में गैस का वितरण किया। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही गैस लेने के लिए पहुंच गए। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए बजरंगबली वार्ड के सभासद सुरेश फर्त्याल के द्वारा रसोई गैस का वितरण किया गया जिस कारण बिना हंगामे के लोगों को आसानी के साथ रसोई गैस उपलब्ध हुई। सभासद फर्त्याल ने कहा जिला अधिकारी के निर्देश पर आज बजरंगबली वार्ड में रसोई गैस का वितरण किया गया जिसमें डिलीवरी प्वाइंट में आए लोगों को रसोई गैस के सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराए गए। उन्होंने बताया आज वार्ड के डिग्री कॉलेज रोड में दो जगह रसोई गैस का वितरण किया गया उन्होंने रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। सभासद फर्त्याल ने कहा लोग पैनिक ना करें डिलीवरी प्वाइंट में रसोई गैस उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं लोगों ने आसानी से रसोई गैस उपलब्ध होने पर सभासद सुरेश फर्त्याल को धन्यवाद दिया। पूर्ति निरीक्षक चंद्रकला चतुर्वेदी ने बताया लोहाघाट क्षेत्र में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के हिसाब से रसोई गैस का वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है।

# एलएसएम परिसर में कुलपति ने किया फ्री बुक फेयर का शुभारम्भ



## यूओयू के कुलपति ने विद्यार्थियों से किया शैक्षिक संवाद

**पिथौरागढ़।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय लक्ष्मण सिंह महर परिसर में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी की गरिमामयी उपस्थिति में निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के साथ शैक्षिक अभिप्रेरणा संवाद कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संपादित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने अपने संबोधन में छात्र – छात्राओं को प्रेरित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में प्रदान की जा रही विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को निशुल्क पुस्तकें वितरित करते हुए उन्होंने छात्रों को अध्ययन के प्रति सदैव जागरूक रहने एवं पुस्तकों का अधिक से अधिक अध्ययन करने का सुझाव दिया। यूओयू अध्ययन केंद्रों द्वारा पुस्तक वितरण कार्यक्रम के माध्यम से छात्र – छात्राओं को जोड़े जाने के अभियान की उन्होंने अत्यंत सराहना के साथ ही साथ इस अभियान की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से संचालित परामर्श सत्रों, ई- शिक्षण सामग्री, हेलो हल्द्वानी रेडियो ऐप, डिजीलॉकर एवं विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा शिक्षार्थियों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. चारू चंद्र पंत ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय निदेशक, पिथौरागढ़ भास्कर चंद्र जोशी ने किया। परिसर प्रभारी निदेशक डॉ. कमलेश कुमार भाकुनी ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अध्ययन केंद्र सदैव छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।सहायक क्षेत्रीय निदेशक भास्कर चंद्र जोशी ने अपने वक्तव्य में क्षेत्रीय केंद्र को छात्र सहायता एवं नवाचार केंद्र की भूमिका निभाने एवं विश्वविद्यालय तथा अध्ययन केंद्रों के मध्य ब्रिज के तौर पर कार्य करने की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा को लचीला, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु तीव्रता से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. जगत सिंह कठायत, संकायाध्यक्ष कला संकाय डॉ. नीलाक्षी जोशी, संकायाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रबंधन डॉ. रुचिता पंगरिया, सहायक समन्वयक डॉ. प्रीति पंत, डॉ. शालिनी पांडे, डॉ. सन्तोष कुमार, परिसर मीडिया प्रभारी डॉ. ए. एस. जगेड़ा, डॉ. कौशल किशोर बिजल्वाण, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. खीमानंद बिनवाल, डॉ भावना भट्ट, डॉ. पूजा पाण्डेय, डॉ. भावना पांडे, दिनेश जोशी, नरेश जोशी एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र – छात्राएं मौजूद रहे।

# ट्रिपल इंजन सरकार में तेज हुई विकास की रफ्तार : शर्मा




## संजय नगर खेड़ा में दी लाखों के विकास कार्यों की सौगात

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** नगर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और जन-आकांक्षाओं को धरातल पर उतारने के क्रम में महापौर विकास शर्मा ने वार्ड संख्या 11, संजय नगर खेड़ा में 5.62 और 2.87 लाख लगत की दो सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कायाकल्प उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महापौर ने कहा कि आज रुद्रपुर का जो स्वरूप बदल रहा है, उसके पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कुशल मार्गदर्शन और आशीर्वाद है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और मुख्यमंत्री रुद्रपुर के चहुंमुखी विकास के लिए दिल खोलकर बजट आवंटित कर रहे हैं।

महापौर ने आंकड़ों के साथ अपनी बात रखते हुए बताया कि नगर निगम ने महज एक वर्ष के भीतर 102 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व विकास योजनाओं को धरातल पर उतारकर एक नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम अब केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं, बल्कि एक बहुआयामी सेवा संस्था के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।महापौर ने कहा कि विकास का यह सिलसिला थमने वाला नहीं है, बल्कि आने वाले समय में कई बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स साकार होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी एक सेवक के रूप में सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के हर वार्ड को समान रूप से विकसित करने के लिए निगम प्रतिबद्ध है और वह स्वयं हर कार्य की गुणवत्ता पर पैनी नजर रख रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद नीतू राय और मानवेन्द्र राय ,निखिल मण्डल, सिद्धार्थ मलिक, विप्रो ढाली, चंदन ढाली, मुकेश मण्डल, मिंटू विश्वास, छोटू मण्डल, साधन मण्डल, लिपेनप विश्वास, बॉबी पासी, राम कुमार गुप्ता, अमल मण्डल, राजू मल्लिक, मनोज राय, अजीत गाईन, डॉ. सुकांत, तपन राय, सुदामा सरकार, प्रशांत मिस्त्री, आशुतोष बोस, अखिल साना और प्रियंका विश्वास समेत सैकड़ों वार्डवासियों ने उपस्थिति दर्ज कराई ।

# सोशल ब्लू फ्रंट ने समाप्त की भूख हड़ताल

**पिथौरागढ़।** सोशल ब्लू फ्रंट उर्फ ब्लू आर्मी ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में चल रही अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। संगठन के अध्यक्ष कार्तिक टम्टा ने बताया कि सोशल ब्लू फ्रंट का जिला स्तरीय आंदोलन ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ। पिथौरागढ़ जिला कार्यालय में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं, उपजिलाधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी के साथ हुई उच्च स्तरीय वार्ता में हमारी जिला स्तरीय मांगों पर पूर्ण सहमति बन गई है। प्रशासन के सकारात्मक और संवेदनशील रुख को देखते हुए आंदोलनकारियों ने भूख हड़ताल को समाप्त कर दिया। उपजिलाधिकारी ने स्वयं अनशन स्थल पहुंचकर आंदोलनकारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई। प्रशासन ने समस्त मांगों पर लिखित/मौखिक सहमति दी है।

समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समय-सीमा का निर्धारण किया गया है। कार्तिक टम्टा ने कहा कि यद्यपि जिला स्तर पर हमें सफलता मिली है, किंतु आंदोलन की कई महत्वपूर्ण मांगें शासन/राज्य स्तर पर लंबित हैं। शासन की इस बेरुखी के खिलाफ अब सोशल ब्लू फ्रंट ने अपने आंदोलन को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। जिला स्तर पर न्याय मिलने के बाद, अब हमारी लड़ाई प्रदेश स्तर पर लड़ी जाएगी। जल्द ही संगठन की ओर से %देहरादून कूच% और प्रदेश व्यापी प्रदर्शन की रणनीति साझा की जाएगी। हम सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस संघर्ष में हमारा साथ दिया। हमारी मशाल तब तक जलती रहेगी जब तक अंतिम मांगें पूरी नहीं हो जाती।

## जागेश्वर धाम में गर्भगृह में असलहे के साथ प्रवेश पर विवाद, पुजारियों ने जताई आपत्ति

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में दर्शन के दौरान गर्भगृह में असलहे के साथ सुरक्षाकर्मी के प्रवेश को लेकर विवाद सामने आया है। बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह के साथ आए गनर के कार्बाइन लेकर गर्भगृह में जाने की तस्वीर सामने आने के बाद पुजारियों और स्थानीय लोगों ने इसे परंपरा के खिलाफ बताया है। पुजारियों का कहना है कि गर्भगृह में किसी भी प्रकार का हथियार ले जाना धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध है। आरोप है कि विरोध के बावजूद सुरक्षाकर्मी प्रोटोकॉल और सुरक्षा का हवाला देते हुए असलहे के साथ अंदर पहुंच गया। इस घटना पर पंडित नवीन चंद्र भट्ट, पंडित मनोज भट्ट, पूरन भट्ट, मुकेश भट्ट, पंडित गोपाल भट्ट, पंडित बसंत भट्ट, खीमानंद भट्ट सहित अन्य लोगों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि मंदिर परिसर में इस तरह का कोई खतरा नहीं होता, जिससे हथियार के साथ प्रवेश आवश्यक हो। पुजारियों ने कहा कि पूर्व में भी कई बड़े नेता और अधिकारी मंदिर पहुंचे हैं, लेकिन गर्भगृह में हथियार ले जाने की परंपरा नहीं रही है। उन्होंने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। मुख्य पुजारी और महामंडलेश्वर हेमंत भट्ट ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और भारत सरकार से इस संबंध में सख्त कदम उठाने की मांग की और कहा कि मंदिरों में वीआईपी व्यवस्था के नाम पर परंपराओं से समझौता नहीं होना चाहिए। घटना के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में हलचल मच गई। इसके बाद मंदिर परिसर में शस्त्र या हथियार ले जाने पर रोक संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं। जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के निवर्तमान उपाध्यक्ष नवीन भट्ट ने कहा कि मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्पष्ट सूचना पट लगाए जाने चाहिए, ताकि वीआईपी और आम श्रद्धालु सभी को नियमों की जानकारी हो सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मतदाता सूची की शत-प्रतिशत मैपिंग के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

**अल्मोड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की है। इस संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न दलों के पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी दलों के प्रतिनिधि बूथ स्तर पर तैनात बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर मतदाताओं की मैपिंग कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी दल को इस प्रक्रिया में कोई आपत्ति या शिकायत है, तो उसे प्रशासन के साथ साझा किया जाए, ताकि उसका परीक्षण कर समाधान किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान जानकारी दी गई कि जनपद में 20 अप्रैल तक 94.62 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। कुल 5,28,118 पंजीकृत मतदाताओं में से 4,99,679 की मैपिंग हो चुकी है। अपर जिलाधिकारी ने सभी दलों से अपील की कि वे शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित कराने के लिए बीएलओ के साथ समन्वय बढ़ाएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि मैपिंग कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में कुल 920 मतदान केंद्र हैं, जहां सभी दलों को अपने बूथ लेवल एजेंट तैनात करने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बूथों पर अभी तक बीएलए द्वितीय नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां शीघ्र नियुक्ति कर उन्हें सक्रिय किया जाए, जिससे मैपिंग कार्य में तेजी लाई जा सके। बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्नाटक की महिला क्रिकेटर सौम्या वर्मा पहुंचीं अल्मोड़ा



**अल्मोड़ा।** कर्नाटक की सीनियर महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर सौम्या वर्मा भ्रमण पर अल्मोड़ा स्थित अपने ननिहाल पहुंचीं, जहां खेल प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में क्रिकेट के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और यहां के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलने की जरूरत है। चंपावत मूल की सौम्या मंगलवार को अपने नाना वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद लाल वर्मा के घर पहुंचीं। इस अवसर पर आयोजित बातचीत में उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से क्रिकेट खेल रही हैं और अब भारतीय टीम में जगह बनाकर देश के लिए विश्व कप जीतना उनका लक्ष्य है, जिसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली से उन्हें काफी प्रेरणा मिलती है, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी की तरह छक्का लगाना उन्हें पसंद है। सौम्या ने बताया कि उन्होंने स्कूल स्तर से क्रिकेट खेलना शुरू किया और लगातार आगे बढ़ती रहीं। अपने प्रदर्शन के बारे में उन्होंने बताया कि इंटरजोनल वनडे ट्रॉफी 2026 में उन्होंने 45 गेंदों में 56 रन बनाए, जबकि सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी 2026 में 33 गेंदों में 51 और 46 गेंदों में 58 रन की पारियां खेलीं। पांच पारियों में उन्होंने कुल 205 रन बनाए। बीसीसीआई महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी 2022-23 में विकेटकीपर के रूप में सर्वाधिक 14 डिसमिसल किए और अंडर-19 टी-20 चैलेंजर्स ट्रॉफी 2022-23 की विजेता टीम का हिस्सा रहीं। इसके अलावा वह अंडर-16 इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप में भी विजेता टीम में शामिल रही हैं। सौम्या वर्मा को क्रिकेट की प्रेरणा और प्रशिक्षण उनके मामा संजय वर्मा से मिला, जो पेशे से अध्यापक हैं। उनके पिता मुकुल वर्मा एक आईटी कंपनी में निदेशक हैं, जबकि माता अंजना वर्मा गृहिणी हैं। इस मौके पर नानी चंपा वर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# आरंभ' में झलकी प्रतिभाओं की चमक

## लोहाघाट महाविद्यालय का सांस्कृतिक समापन यादगार



### मुख्य अतिथि पूरन सिंह फर्त्याल ने विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया, जिलाधिकारी बोले-शिक्षण संस्थान ही गढ़ते हैं भविष्य

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'आरंभ' का समापन उत्साह, ऊर्जा और प्रतिभाओं की चमक के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, गेस्ट ऑफ ऑनर जिलाधिकारी मनीष कुमार तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि पूरन सिंह फर्त्याल ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और वे भविष्य में भी इसके विकास के लिए हर संभव सहयोग करते रहेंगे।

वहीं, जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षण संस्थान ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि चंपावत का यह सबसे बड़ा महाविद्यालय प्रतिभाओं का केंद्र बनकर उभर रहा है और जिला प्रशासन छात्रों के हित में निरंतर कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान थानाप्रभारी लोहाघाट अशोक कुमार ने छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में गायत्री पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रतिभा खोज में मनीषा कालाकोटी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में मोनिका और पोस्टर प्रतियोगिता में संजना बिष्ट ने बाजी मारी।

तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में छात्रों ने नृत्य, नाटक, पोस्टर और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बी.एड. के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने विशेष रूप से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार और हिमांशु चंद ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में सांस्कृतिक सचिव अग्रिमा पुनेठा, छात्र संघ अध्यक्ष शिखर वर्मा सहित समस्त छात्र संघ पदाधिकारियों और प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि 'आरंभ' जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने और उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय माहौल में नजर आया।

# दुर्घटनाओं को दावत देता लोहाघाट डिग्री कॉलेज तिराहा प्रशासन बेखबर, चौड़ीकरण की मांग



**लोहाघाट ।** व्यस्ततम डिग्री कॉलेज तिराहा दुर्घटनाओं को दावत देता नजर आ रहा है। इस स्थान पर पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पर इसके बावजूद प्रशासन बेखबर बना हुआ है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोग व व्यापारी लंबे समय से डिग्री कॉलेज तिराहे के चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। लोगों ने कहा शायद प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है। लोगों ने कहा लोहाघाट नगर में विकास के नाम पर बनी बनाई चीजों को तोड़कर दोबारा से फिर उसको बनाया जा रहा है पर डिग्री कॉलेज तिराहे की ओर ना प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि। लोगों ने बताया इस स्थान पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कहा रोज सैकड़ो वाहन इस स्थान से फर्राटे भरते हुए गुजरते हैं। लोगों ने बताया मीना बाजार क्षेत्र से डिग्री कॉलेज की ओर जाने वाले बड़े वाहन इस तिराहे में एक बार में नहीं मुड़ पाते है जिस कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और इस दौरान दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। लोगों ने कहा जिस प्रकार से लोहाघाट नगर में बनी बनाई चीजों को तोड़कर फिर से बनाया जा रहा है यह काफी गलत है कहा धन की फिजूल खर्ची करने के बजाय डिग्री कॉलेज तिराहे का सौंदर्य करण व चौड़ीकरण किया जाए ताकि लोगों को दिक्कत ना हो और संभावित दुर्घटना का खतरा भी समाप्त हो। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से डिग्री कॉलेज तिराहे के चौड़ीकरण की मांग की है।

## मऊ में गुलदार के डर से बच्चों का स्कूल जाना बंद

**बाराकोट।** पिछले हफ्ते जिले के बाराकोट ब्लॉक के मऊ गांव में गुलदार ने गेहूं काट रही छात्रा पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस



घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। आज मंगलवार को चमरौली के पूर्व ग्राम प्रधान उम्मेद सिंह व वर्तमान प्रधान पायल देवी ने जानकारी देते हुए बताया गुलदार की पूरे क्षेत्र में दहशत फैल चुकी है ।कहा क्षेत्र के गंगाली , सील , काकड़ी व अन्य गांव से बच्चे गुलदार के डर से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने बताया गेहूं की फसल पक कर तैयार हो चुकी है पर गुलदार प्रभावित क्षेत्र में लोग डर से गेहूं की फसल तक नहीं काट पा रहे हैं। कहा लोग लाठी लेकर पहरा दे रहे हैं तब जाकर गेहूं की फसल काटी जा रही है। उन्होंने वन विभाग व प्रशासन से जिस स्थान में घटना हुई है उसे स्थान पर पिंजरा लगाने की मांग की है कहा उस स्थान पर रोज गुलदार आ रहा है। पूर्व प्रधान उम्मेद सिंह ने वन विभाग को प्रशासन से जल्द से जल्द गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है कहा गुलदार के डर से पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू सा माहौल हो गया है ।लोग घरों से बाहर खेतों में जाने तक से डर रहे हैं। बच्चे पूरी तरह से घरों में कैद हो चुके है। मामले में रेंजर राजेश जोशी ने कहा कल पिंजड़ों की स्थिति बदली जाएगी उन्होंने बताया क्षेत्र में बन कर्मी गस्त कर रहे हैं। वन विभाग पूरी तरह गुलदार को पकड़ने के प्रयास में लगा हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा अगर घर से बाहर कहीं भी खेतों में जाना है तो झुंड में जाए बच्चों को अकेला ना छोड़े। कहा जब तक गुलदार पकड़ा नहीं जाता है तब तक ग्रामीण सावधानी बरतें।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष फर्त्याल का बड़ा बयान कहा भाजपा कर रही राजनीति

## धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकृतियों की नई ली जा रही सुध

### अंकिता भंडारी मामले में भाजपा नेत्रों ने साधा था मौन : फर्त्याल



**चंपावत।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने महिला आरक्षण बिल पर बड़ा बयान दिया है। कहा अगर भाजपा महिलाओं की हितेषी है तो कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से भाजपा सरकार से यह मांग करती है कि पूरे भारत में संसद और विधान सभाओं की मौजूदा सीटों की संख्या के आधार पर महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए।

हम महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिशों का कड़ा विरोध करते है, ऐसा करने से छोटे राज्यों को भारी नुक्सान होगा और देश का संघीय ढांचा बिगड़ जाएगा। फर्त्याल ने कहा यह साफ है कि भाजपा इस प्रक्रिया में जानबूझकर देरी करके और इस मुद्दे का इस्तेमाल प्रोपेगेंडा के तौर पर करके अपना छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा चला रही है। उन्होंने कहा अगर भाजपा महिलाओं की इतनी बड़ी हितेषी है तो पिछले 19 दिन से आंगनबाड़ी कार्यकृतियां धरना दे रही है लेकिन उनकी कोई सुध भाजपा या उनके नेताओं के द्वारा नहीं ली जा रही है अगर भाजपा सरकार महिलाओं के साथ है तो उनकी मांगों को पूरा करें। भाजपा की महिला नेत्रियों के द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड में एक शब्द तक नहीं बोला गया। उन्होंने कहा भाजपा परिसीमन के मामले को महिला आरक्षण बिल से जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाह रही है। कहा महिला आरक्षण बिल 2023 में पास हो गया था जिसमें कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा महिलाओं के साथ खड़ी है। कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री व राष्ट्पति दी थी। कहां कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस महिला विरोधी मंसूबों को परवान नहीं चढ़ने देगी।

## मेडिकल स्टोरों पर औषधि विभाग की कार्रवाई, नोटिस जारी

**लोहाघाट।** जनपद चंपावत के लोहाघाट क्षेत्र में दवाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से औषधि विभाग द्वारा मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया गया।



औषधि निरीक्षक सुश्री हर्षिता द्वारा लोहाघाट ब्लॉक के प्रेमनगर, हथरंगिया तिराहा एवं मीनाबाजार स्थित मेडिकल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान कुल 05 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई ।निरीक्षण के दौरान ड्रग लाइसेंस की वैधता, दवाओं के स्टॉक, क्रय-विक्रय अभिलेख, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं बैकअप रिकॉर्डिंग की विस्तार से जांच की गई। जांच में हथरंगिया तिराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर तथा लोहाघाट के एक आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं मेडिकल प्रतिष्ठान में कुछ अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, दवाओं के क्रय-विक्रय तथा एक्सपायरी दवाओं के सुरक्षित निस्तारण हेतु निर्धारित बॉक्स अनुपस्थित पाए गए ।औषधि निरीक्षक द्वारा संबंधित स्वामियों को मौके पर ही नोटिस जारी करते हुए 03 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए ।निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे लाइसेंस की शर्तों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। स्पष्ट किया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी ।अभियान के दौरान सुरक्षा हेतु 04 दवाओं के नमूने भी एकत्रित कर परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनहित में इस प्रकार की सघन जांच अभियान आगे भी पूरे जनपद में निरंतर जारी रहेगा।

# लोहाघाट अस्पताल में स्वगणना शिविर आयोजित



**लोहाघाट।** जनपद चंपावत में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना कार्यों को गति देने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता एवं पंजीकरण गतिविधियों को तेज़ किया गया है, ताकि प्रत्येक नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।इसी क्रम में उपजिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर के नेतृत्व में लोहाघाट उपजिला चिकित्सालय परिसर में स्वगणना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों सहित अस्पताल में आने वाले आगंतुको ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वगणना के माध्यम से अपना पंजीकरण कराया।

शिविर के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को स्वगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व एवं ऑनलाइन माध्यम से जानकारी दर्ज करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की सटीक जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होती है ।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जनगणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं, नीतियों के निर्धारण, संसाधनों के उचित आवंटन तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का आधार होती है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही प्रभावी शासन-प्रशासन की नींव होते हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है ।उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से जनगणना के आंकड़े और अधिक विश्वसनीय एवं उपयोगी बनेंगे, जिससे जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास को नई दिशा मिलेगी।

# एआरटी निदेशक ने किया राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाटन पाटनी का निरीक्षण



**लोहाघाट।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाटन पाटनी तथा राउप्रावि रायकोट महर में निदेशक, अकादमिक शोध एवं मूल्यांकन श्रीमती वंदना गर्ब्याल द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में मिशन कोशिश के तहत संचालित शैक्षिक गतिविधियों, शिक्षण कार्य तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण में विद्यालय में तकनीकी माध्यमों के उपयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य होते हुए पाया गया, जिससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि में वृद्धि हो रही है।

शिक्षकों द्वारा कक्षा में नवाचार आधारित गतिविधियाँ कराई जा रही हैं, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध हो रही हैं।श्रीमती गर्ब्याल ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के प्रदर्शन एवं अनुशासन की सराहना की तथा बताया कि तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम बेहतर होते हैं।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता महरा, शिक्षक शंकर सिंह अधिकारी, श्रीनिवास ओली, चन्द्र किशोर पाण्डेय, संगीता भट्ट, रेनू देवी मेहता तथा दो सामुदायिक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

निदेशक के साथ आए डायट प्राचार्य अनिल मिश्रा और शिवराज सिंह तड़ागी ने भी विद्यालय के क्रियाकलापों की सराहना की। अंत में उन्होंने विद्यालय परिवार को भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## व्यापारी ने दुकान में काम करने वाली महिलाओं के साथ किया शारीरिक शोषण, गिरफ्तार

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**चंपावत ।** जिले के टनकपुर क्षेत्र में एक जूते-चप्पल की दुकान चलाने वाले व्यापारी पर दुकान में काम करने वाली महिलाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उनके साथ शारीरिक शोषण का आरोप लगा है।

टनकपुर कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक टनकपुर में जूते-चप्पल के एक दुकानदार ने अपनी दुकान में काम करने वाली दो महिला कामगारों के साथ जबरन संबंध बनाए। साथ ही उसका वीडिया बनाकर दोनों को फोटो वीडियो घर वालों को भेज उनकी गृहस्थी खराब करने की धमकी दी। आरोप है कि कामगार महिलाओं ने दुकान में काम के एवज में रुपये मांगे, तो दुकानदार ने उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे डरा धमका कर दुकान में जबरन संबंध बनाए। 20 अप्रैल को टनकपुर कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी दुकानदार शहंशाह (50) निवासी मस्जिद कॉलोनी टनकपुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला उपनिरीक्षक गुरविंदर मामले की जांच कर रही हैं।

वहीं कांग्रेस आरोपी को भाजपा कार्यकर्ता बता रही है सोशल मीडिया में आरोपी की मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सांसद अजय टम्टा के साथ आरोपी की कई फोटो भी वायरल हो रही हैं।

## बंगाली समाज ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी करने और उसके बाद लगातार भाजपाइयों द्वारा की जा रही बयान बाजी और पुतले फूंकने के विरोध में आज कांग्रेसियों ने आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में भाजपा सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। जिसका प्रदेश अध्यक्ष से कोई लेना-देना नहीं था लेकिन भाजपाइयों ने इसे मुद्दा बनाकर बंगाली समुदाय को बहकाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ऐसी कोई भी टिप्पणी नहीं की है लेकिन भाजपा बंगाली समुदाय को भ्रमित कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा शिक्षा ,विकास और स्वास्थ्य पर ध्यान न देकर इसी मुद्दे को लेकर राजनीति कर रही है जो आम जनमानस के लिए उचित नहीं है।

## सड़क दुर्घटना पीड़ित परिवार को 2 लाख की आर्थिक मदद



**लोहाघाट।** 8 अप्रैल को दिगालीचौड़ गणेश मंदिर (झडपतिया) के समीप कोर्ट बसान मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में शिवराम पुत्र कल्याण राम का उपचार के दौरान निधन हो गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी द्वारा दिवंगत शिवराम की पत्नी माया देवी को उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के अंतर्गत 2 लाख की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लोहाघाट को निर्देशित किया कि स्वर्गीय शिवराम का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र तत्काल जारी किया जाए, जिससे परिवार को अन्य आवश्यक औपचारिकताओं एवं लाभों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।साथ ही, उन्होंने दिवंगत की पुत्री की कक्षा 9 से बाधित हुई शिक्षा को पुनः सुचारु रूप से प्रारंभ कराने हेतु परिवार को प्रोत्साहित किया तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# ग्राम पंचायत बन्तोली में खुली बैठक का किया गया आयोजन




### बीडीओ के निर्देश पर जल संस्थान ने किया टैंकरों से पानी का वितरण

**बाराकोट।** जनता मिलन कार्यक्रम चम्पावत में आयी शिकायत के आधार पर डीएम चंपावत मनीष कुमार के द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में आज दिनांक 21 अप्रैल 2026 को विकास खण्ड बाराकोट की ग्राम पंचायत बन्तोली में खुली बैठक का आयोजन किया गया ,खुली बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नारायण सिह फर्त्याल द्वारा की गयी।

उक्त बैठक में मूल रूप से पानी की समस्या के समाधान हेतु अवनीश कुमार खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जल संस्थान के अधिकारियो को ग्राम पंचायत बन्तोली में टैंकर के माध्यम से पानी वितरित एवं मुख्य ग्राम में पूर्व क्षतिग्रस्त पेयजल लाईन को बदलने हेतु निर्देशित किया गया उक्त खुली बैठक का सचालन अशोक बिष्ट ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा किया गया बैठक में खण्ड विकास अधिकारी बाराकोट द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी,जल संस्थान के कार्मिको को निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न की जाये खण्ड विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम ग्राम पंचायत बन्तोली में पानी के टैकरो के माध्यम से पानी वितरित किया गया एव ग्रामीणों द्वारा उठायी गयी अपनी अधिकाशं समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया बैठक में सहायक विकास अधिकारी भुवन पाण्डे,,श्रीमती दीप राय एन0आर0एल0एम0, मनीषा काण्डपाल, रीप परियोजना एवं समस्त विभागो के रेखीय अधिकारी/समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## किच्छा क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा



**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर के दिशा-निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, ऊधमसिंहनगर पुलिस ने दीपक कुमार की हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है । एसपी ने बताया कि 17 अप्रेल की रात्रि को पुरानी गल्ला मंडी निवासी दीपक कुमार पर शिवा नामक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । उपचार के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल में दीपक की मृत्यु हो गई । वादी विनीत कुमार की तहरीर पर थाना किच्छा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शिवा पुत्र महेश निवासी नंदपुर नरक टोपा बाजपुर व हाल निवासी पुरानी गल्ला मंडी किच्छा को गिरफ्तार किया । अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (चाकू) बरामद कर लिया गया।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मृतक दीपक उसके मामा की लड़की से बात करता था । घटना की रात बनखण्डी मंदिर के पास विवाद बढ़ने पर अभियुक्त ने आवेश में आकर चाकू से दीपक पर वार कर दिए । पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## गंगा सामंत करणी सेना संगठन महामंत्री बने



**कालाढूंगी।** पूर्व सैनिक एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा सिंह सामंत को करणी सेना में संगठन महामंत्री बनाया गया है। पहले उनको करणी सेना में प्रदेश महामंत्री बनाया गया था, जिसके बाद उनकी मेहनत को देखते हुए अब उन्हें संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति सेना के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सूरजपाल अम्मू की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी के द्वारा की गई है। कालाढूंगी में आयोजित सेना की बैठक में प्रदेश भर में करणी सेना को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा गया कि देवभूमि में जिस तरह लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण, गौ हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं यह चिंता का विषय है, उन्होंने कहा कि इस सबके लिए संगठन आवाज बुलंद करेगा। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी, नशा जैसे मुद्दों को भी उठाया जाएगा। इसके अलावा रामनगर निवासी हरीश प्रकाश को युवा शक्ति प्रदेश संगठन महामंत्री तो वहीं गढ़ीनेगी निवासी सोनू प्रजापति को प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया गया है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष हृदयेश शर्मा, उदय पांडे, जीवन सिंह देऊपा, उमेश जोशी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिमांशु जिला मंत्री और रोहित बने ब्लॉक उपाध्यक्ष

पर्वत प्रेरणा संवाददाता




**सितारगंज।** युवा नेता हिमांशु सक्सेना को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का जिला मंत्री तथा रोहित आर्या को ब्लाक उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन पदाधिकारियों ने दोनों कार्यकर्ताओं के पदाधिकरी बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल ने सितारगंज निवासी हिमांशु सक्सेना को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का ऊधम सिंह नगर का जिला मंत्री तथा उकरौली निवासी रोहित आर्या को ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। हिमांशु तथा रोहित ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के निर्देशानुसार कार्य करते हुए समाजिक कार्यों में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन मंडल, विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई, कुमाऊं सह संयोजक सतीश सागर, आकाश सिंह, सूरज, रोहित आदि ने नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## हिमांशु नेगी बंधे परिणय सूत्र में बंधे

**देहरादून।** देवभूमि देहरादून में गत दिवस एक भव्य एवं गरिमामयी वैवाहिक समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर सिंह नेगी के सुपुत्र हिमांशु नेगी (सम्पदा अधिकारी) विवाह बंधन में बंध गए। देहरादून स्थित उनके निवास 'दिव्या विहार' में आयोजित इस समारोह में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल की शाम बारात धूमधाम से निकली, जिसमें परिजन, रिश्तेदारों के साथ-साथ कई सांसद, विधायक, मंत्री और शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हुई।यह वैवाहिक आयोजन पारंपरिक पहाड़ी रीति-रिवाजों और आधुनिक भव्यता का अद्भुत संगम रहा, जिसने उपस्थित अतिथियों को आकर्षित किया। समारोह के दौरान शुभचिंतकों और मित्रों द्वारा नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने का सिलसिला लगातार जारी रहा।प्रोफेसर महाबीर सिंह नेगी, जो अपने लंबे शैक्षणिक अनुभव और सामाजिक योगदान के लिए जाने जाते हैं, के परिवार में इस खुशी के अवसर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस पावन अवसर पर सभी ने वर-वधू के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की।

